II Jai Sri Gurudev II
Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

## वार्षिक परीक्षा उत्तर कुंजी (2025-26)

**विषय : हिंदी** **कक्षा** : **IV** **कुल अंक** : **60 अंक**

**छात्र का नाम** : ______________________________ **अवधि : 2 घंटे 30 मिनट**

**दिनांक :24/02 /26**

**सामान्य निर्देश** -

- प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- प्रश्नपत्र **खंड क, ख, ग, घ** में विभाजित है।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

### खंड क (अपठित गद्यांश/पद्यांश) (12 अंक)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (6 अंक)**

दो भाई एक अनुभवी ज्योतिषी के पास गए। उसने छोटे भाई से कहा, "तुम जल्दी ही राजा बनने वाले हो।" बड़े भाई से उसने कहा, "सावधान रहना। कोई बड़ी मुसीबत आने वाली है।" एक खुश हुआ, दूसरा उदास हो गया। बड़े भाई ने सोचा कि क्यों न मैं सावधान रहूँ। वह पूरी तरह जागरूक हो गया। छोटे भाई ने सोचा, "अब चिंता की क्या बात है। राजगद्दी तो मिलने ही वाली है।" उसने बुरे कामों में धन लुटाना शुरू कर दिया और पूरा दिन नशे में रहने लगा। अचानक उस राज्य के राजा के पुत्र की मृत्यु हो गई। उसका कोई वारिस नहीं था। राजा ने मुनादी करवाई कि वह योग्य उत्तराधिकारी की परीक्षा लेगा। दोनों भाई भी परीक्षा में शामिल हुए। बड़ा भाई उत्तीर्ण हो गया तो छोटे को यह बात बड़ी अजीब लगी। वह भागा-भागा ज्योतिषी के पास आया। उसने कहा, "आपने उलटी बात बता दी है' ज्योतिषी के कहा, "मैंने उलटी बात नहीं बताई थी। ठीक बताई थी। मुझे बताओ कि मेरी भविष्यवाणी के बाद तुम दोनों ने क्या-क्या किया?" उसने अपनी और बड़े भाई दोनों की कहानी सुनाई। ज्योतिषी ने कहा, "तुमने बुरा आचरण किया। तुम्हारे बड़े भाई पर विपत्ति आने वाली थी, किंतु उसने अच्छा आचरण किया तो विपत्ति समाप्त हो गई, और उसने राजा का पद प्राप्त किया। जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। भाग्य उन्हीं का साथ देता है जो अच्छे कार्य करते हैं।"

**उत्तर -**

**क.** दोनों भाई एक अनुभवी **ज्योतिषी** के पास गए थे।
**ख.** ज्योतिषी ने छोटे भाई से कहा कि वह जल्दी ही राजा बनने वाला है।
**ग.** बड़े भाई ने भविष्यवाणी सुनकर स्वयं को सावधान कर लिया और पूरी तरह जागरूक हो गया।
**घ.** छोटे भाई ने भविष्यवाणी सुनकर लापरवाही शुरू कर दी। वह बुरे कामों में धन लुटाने लगा और नशे में रहने लगा।

**ङ.** अंत में बड़ा भाई राजा बना, क्योंकि उसने अच्छा आचरण किया और परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ।
**च.** इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि भाग्य उन्हीं का साथ देता है जो अच्छे कार्य करते हैं।"

**प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(6 अंक)**

ऊँचे पर्वत, नीला अम्बर,
सूरज देता नया प्रकाश ।
मेहनत से ही मिलती सफलता,
यह प्रकृति का सच्चा विश्वास।

नदी निरंतर बहती रहती,
रुकना उसको कभी न भाए।
संकट चाहे जितने आएँ,
हिम्मत वाला आगे जाए।

पेड़ हमें यह पाठ पढ़ाते,
देते छाया, फल और फूल।
निःस्वार्थ सेवा जो करता,
वह जीवन में होता कूल।

**उत्तर :**
**क.** प्रकृति का सच्चा विश्वास यह है कि मेहनत से ही सफलता मिलती है।
**ख.** नदी का स्वभाव निरंतर बहते रहने वाला है। उसे रुकना पसंद नहीं है।
**ग.** संकट आने पर हिम्मत वाला व्यक्ति आगे बढ़ता है।
**घ.** पेड़ हमें छाया, फल और फूल देते हैं।
**ङ.** निःस्वार्थ सेवा करने वाला व्यक्ति जीवन में अच्छा, सफल और सम्मानित होता है।
**च.** इस पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक — **"प्रकृति की सीख"** या **"मेहनत और सेवा का महत्व"**।

## खंड ख (व्याकरण) (20 अंक)

**प्रश्न 3. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (√) का निशान लगाएँ:-** **(3 अंक)**

**क.** क्रिया के कितने भेद होते हैं

i) एक **ii) दो** iii) तीन

**ख .** दो शब्दों को जोड़ने के लिए _________ चिह्न लगाते हैं

i) उद्धरण चिह्न **ii) योजक चिह्न** iii) विस्मादिबोधक चिह्न

**ग.** 'सलोनी पाठ याद कर रही है। ' इस वाक्य में क्रिया शब्द कौन-सा है ?

i) पाठ **ii) याद** iii) सलोनी

**प्रश्न 4.रेखांकित शब्दों के विशेषण के भेद लिखिए –** **(2अंक)**

**क.** **वह कार** मेरी है। सार्वनामिक विशेषण
**ख**. मेरे **दो** दाँत टूट गए। निश्चित संख्यावाचक विशेषण
**ग .** आप बाजार से **थोडा –सा** गाजर का हलवा ले आइये। **अनिश्चित** परिमाणवाचक विशेषण
**घ.** विरट ने शानदार **शतक** लगाया। निश्चित संख्यावाचक विशेषण

**प्रश्न 5.दिए गए वाक्यों में क्रिया के भेद लिखिए : (सकर्मक / अकर्मक)** **(3अंक)**

क. बच्चा जाग गया है। **( अकर्मक )**
ख. बच्चा सोता है। **( अकर्मक )**
ग. सीमा पत्र लिखती है। **( सकर्मक )**

**प्रश्न 6. नीचे दिए वाक्यों के काल का भेद बताइए –** **(3 अंक)**

क. मोहन ने आम खाया। ( **भूतकाल )**
ख. मैं कल बाज़ार जाऊँगा। ( **भविष्य काल** )
ग. रीना स्कूल जाती है। ( **वर्तमान काल )**

**प्रश्न 7. नीचे दिए गए वाक्यों को सही विराम चिह्न से पूरा कीजिए।** **(2अंक)**

क. समीर बाजार से दूध ब्रेड फल और सब्जी लाया

**समीर बाजार से दूध, ब्रेड, फल और सब्जी लाया।**

ख. वाह कितना सुन्दर दृश्य है

**वाह! कितना सुन्दर दृश्य है।**

**प्रश्न 8. नीचे दिए गए शब्दों के दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।** **(3अंक)**

**क. घट - घड़ा , कम होना**
**ख . सूत - धागा , रथ चलानेवाला**
**ग . नाग - साँप , हाथी**

**प्रश्न 10**. **दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :-** **(2 अंक)**

**क. आँखों में धूल झोंकना**
**अर्थ** – धोखा देना / छल करना।
**वाक्य** – उस दुकानदार ने ग्राहकों की आँखों में धूल झोंककर खराब सामान बेच दिया।

**ख. हवा से बातें करना-**
**अर्थ** – बहुत तेज गति से चलना।
**वाक्य** – मैदान में दौड़ते समय वह खिलाड़ी हवा से बातें कर रहा था।

## खंड ग ( रचनात्मक लेखन) (10 अंक )

**प्रश्न 11**. प्रधानाचार्य को **विद्यालय में पेड़ लगाने के कार्यक्रम** की अनुमति हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए-
**अथवा**

अपने बड़े भाईबहन को/ **परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए** पत्र लिखिए- **(5 अंक)**

**प्रश्न 12.** दो मित्रों के बीच **पर्यावरण बचाने** पर बातचीत का संवाद लिखिए -

**अथवा**

**दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर कहानी लिखिए-** **(5 अंक)**

**संकेत:** मेहनती किसान सफलता — अच्छी फसल — कड़ी मेहनत — निराशा नहीं — सूखा —- शिक्षा

## खंड घ ( साहित्य) (18 अंक)

**प्रश्न 13. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **(5 अंक)**
पिता जी : नमस्ते मास्टर जी, क्या हुआ आपने मुझे क्यों बुलाया ?
मास्टर जी : अरे, तुम्हारा लड़का बिगड़ रहा है। उसको सँभालो, वरना किसी दिन मुसीबत में फँस जाओगे। यह देखो मैं कल गिर पड़ा। तुम्हारा लड़का कहीं से यह रबड़ का बिच्छू ले आया और सबको डराकर भाग गया।
पिता जी : आए, तो मास्टर जी उसको मारो ! पीटो ! पर सुधारो।
मास्टर जी : क्या सुधारो! उसका पढ़ाई में मन लगता नहीं है, आवारा है , स्कूल से हटाकर काम-धंधे में लगाओ।

पिता जी : मास्टर साहब, मैं दिनभर बाहर जाकर मजदूरी करता हूँ। उसकी माँ खेत में काम करती है। स्कूल में खाने को मिलता है, मुफ़्त की किताबें, कापियाँ मिलती हैं। पढ़-लिख जाता तो आपके जैसा मास्टर बन जाता, जिंदगी सुधर जाती। मैं उसको समझाऊँगा आप स्कूल से मत निकालिए।
मास्टर जी : ठीक है, आज छोड़ देता हूँ पर आगे से शिकायत नहीं आनी चाहिए।

**(क) मास्टर जी ने समीर के बारे में क्या शिकायत की?**
**उत्तर - तुम्हारा लड़का बिगड़ रहा है। उसको सँभालो, वरना किसी दिन मुसीबत में फँस जाओगे।**

**(ख) मास्टर जी ने अंत में क्या निर्णय लिया?**
**उत्तर - आज छोड़ देता हूँ पर आगे से शिकायत नहीं आनी चाहिए।**

**(ग) समीर की शरारत के पीछे क्या कारण हो सकते हैं?**
**उत्तर – वह शरारती था और उसका पढने में भी जी नहीं लगता था।**

**(घ) समीर को अपने व्यवहार में कौन-सा बदलाव लाना चाहिए?**
**उत्तर – समीर का शरारत नहीं करनी चाहिए और पढने में मन लगाना चाहिए।**

**(ङ) इस संवाद से आपको क्या सीख मिलती है?**
**उत्तर - हमें ऐसी शरारत नहीं करनी चाहिए कि किसी को कष्ट पहुँचे।**

**प्रश्न 14. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:** **(2 अंक)**

क) प्रभावित – असर होना ख) दुरुस्त - ठीक

**प्रश्न 15. किसने कहा** ? **किससे कहा** ? **बताइए** - **(2 अंक)**

**क.** “ यह तो बहुत खुशी की बात है” यह तो एक चमत्कार हो गया ?
**गाँव वालों ने किसान से कहा।**

**ख.** “ क्या तुम नहीं जानना चाहोगे कि इसमें तुम्हारा नाम है या नहीं “।
**नारद जी ने सुश्रुत से कहा।**

**प्रश्न 16. नीचे लिखे सही वाक्य पर ✅ और गलत वाक्य पर ❌ का चिन्ह लगाइए:-** **(2 अंक)**

(क) दिनभर सूरज किरणें, धूप और गरमाहट बाँटता रहता है। (✅)
(ख) जगदीशचंद्र बसु का कलकत्ता में जन्म हुआ था। (❌)

**प्रश्न 17. खाली  स्थान भरिए:** **(2 अंक)**

क. **आकाश** की शोभा होते हैं – चमकता सूरज , शीतल चाँदनी और टिम – टिम तारे ।
ख. “मास्टर जी , इसको मारो ! पीटो ! पर **सुधारो** ।”

**प्रश्न 18. एक शब्द में उत्तर दो:** **(3 अंक)**

**प्रश्न क.**नारद जी कौन थे ?
उत्तर- **देवर्षि**
**प्रश्न ख.**पहले **किरणों** की झाड़ू से घाना अँधेरा तुमने झाड़ा। **(रिक्त स्थान की पूर्ति करें)**
**प्रश्न ग.** गेंद कहाँ अटक गई थी ?
उत्तर – **लता की बेल में**

**प्रश्न 19. प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **(2 अंक)**

**प्रश्न क.** कैसे पता चलता है कि जगदीश चन्द्र  बसु  सच्चे देशभक्त थे ?
**उत्तर – जब उनकी खोजों के लिए विश्व प्रसिद्ध हो गए तब जर्मन वैज्ञानिक इतने प्रभावित हुई कि उन्होंने अपने एक विश्वविद्यालय का सर्वोच्च पद स्वीकार  करने का निवेदन किया। परंतु डॉ.बसु ने अपने देश में ही खोज कार्य जारी रखा। इससे यह पता चलता है कि वे सच्चे देशभक्त  थे।**

**प्रश्न ख.** समीर कैसा छात्र था बताइए। क्या आप समीर जैसा बनाना चाहेंगे कारण बताएँ?
**उत्तर – समीर एक शरारती छात्र था। नहीं में उसके जैसा नहीं बनना चाहूँगा/ चाहूँगी  क्योंकि हमें पढ़ाई ध्यान रखना   चाहिए शरारत नहीं करनी चाहिए। मैं एक अच्छा विद्यार्थी बनाना चाहूँगा / चाहूँगी ।**